न्यायालय उपखण्ड अधिकारी रामसर

पीठासीन अधिकारी :—अनिल कुमार आर.ए.एस.
राजस्व आवेदन संख्या — 08 / 2022
बनाम

प्रार्थीगण
1. वजादीन पुत्र सिदीक
2. हबीब पुत्र सिदीक जाति मुसलमान निवासी पुनियो का तला तहसील रामसर।

बनाम

विप्रार्थीगण
1. अरबाब पुत्र रहमान वगेराह।
2. तहसीलदार रामसर।

राजस्व आवेदन अन्तर्गत धारा 131,136 राज0भू0राज0 अधिनियम वास्ते तरमीम दुरस्ती

आदेश

दिनांक 11.03.2024

संक्षेप में आवेदन के तथ्य इस प्रकार हैं कि मौजा पूनियो का तला पटवार क्षेत्र चाडी तहसील रामसर के खसरा संख्या 270 / 155 रकबा 8.4336 हेक्टयर में प्रार्थीगणो का खातेदारी खेत है तथा विप्राथीगण संख्या 1 से 4 की खातेदारी का खेत खसरा संख्या 269 / 155 रकबा 4.2087 हेक्टयर तथा प्रार्थीगण के खातेदारी खेत के पास मूल खसरा संख्या 155 के ही विप्रार्थी संख्या 5 से 13 की खातेदारी क खेत खसरा संख्या 268 / 155 रकबा 4.2087 हेक्टयर का आया हुआ है। प्रार्थीगण एवं विप्रार्थीगण द्वारा उक्त भूमि कय की गई है कय करने के बाद उक्त खेतो को प्रार्थीगण एवं विप्रार्थीगण द्वारा परिशिष्ट अ अनुसार विभक्त कर अपने अपने–'अपने हिस्से की भूमि पर अपने रहवास हेतु झुपों टांकों एवं चारबाड़े का निर्माण करवाया था उसी अनुसार पक्षकारान अपने–अपने हिस्से पर काविज है। वर्तमान में राजस्व रेकर्ड को ऑनलाइन करते समय तत्कालीन राजस्व अधिकारियों की गलती लटठा ट्रेस में तरमीम परिशिष्ट अ अनुसार न कर संलग्न परिशिष्ट ब अनुसर गलत तरमीम कर दी। इस कारण संलग्न परिशिष्ठ 'अ' अनुसार दुरस्त किये जाने हेतु यह आवेदन इस न्यायालय में दिनांक 10.03.2022 को दर्ज किया गया।

आवेदन दर्ज रजिस्टर कर विप्रार्थीगण को सम्मन जारी किये। विप्रार्थीगण दिनांक 11.03.2024 को उपस्थित। परिशिष्ट अ अनुसार तरमीम दुरस्त किये जाने का निवेदन किया गया। बहस सुनी गई।

प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर मौजा मौजा पूनियो का तला पटवार क्षेत्र चाडी तहसील रामसर के खसरा संख्या 270 / 155 रकबा 8.4336 हेक्टयर तथा खेत खसरा संख्या 269 / 155 रकबा 4.2087 हेक्टयर तथा खेत खसरा संख्या 268 / 155 रकबा 4.2087 हेक्टयर में जमीन लटठा ट्रेस में विद्यमान तरमीम निरस्त की जाकर संलग्न नक्शा परिशिष्ठ 'अ' अनुसार तरमीम दुरस्ती किये जाने के आदेश पारित किये जाते हैं। तहसीलदार रामसर को तदनुसार दुरूस्ती सुनिश्चित करने हेतु आदेशित किया जाता है। संलग्न प्रस्तावित नक्शा परिशिष्ठ 'अ' इस आदेश का अभिन्न अंग रहेगा।

यह आदेश आज दिनांक 11.03.2024 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मोहर लगाकर जारी किया गया।

(अनिल कुमार)
उपखण्ड अधिकारी, रामसर
दिनांक : 11.3.24
उपखण्ड अधिकारी
रामसर

क्रमांक : रीडर / 2024 / 940-43

प्रतिलिपि :—
1. तहसीलदार रामसर ।
2. प्रार्थीगण वजादीन पुत्र सिदीक
3. विप्रार्थीगण अरबाब पुत्र रहमान वगेराह।

उपखण्ड अधिकारी, रामसर
उपखण्ड अधि...
रामसर